एम.टि.ए. के दिये 'रूल्स-रेगुलेषन्स' की उपेक्षा करने का अधिकार मास्टर सि.वि.वि. जी को भी नहीं, ऐसी हालत में अन्य उपदेशकों को कैसा होगा? ऐसे उदेशक अपने को अधिकारी मानें, तो वह उनका दुरहंकार(घमंड) ही होता।

महात्मा ने कहा है, ''कोर्सेस आदि करने वालों की 'लैफ ग्यारंटि सस्पेंड' किया है।''(दे.दै.)

और भी कहा है कि ''मास्टर जी के रूल्स-रेगुलेषन्स की पर -वाह किये बिना अपनी इच्छा के अनुसार प्रार्थना करेंगे, तो तुम को 'एटर्निटि' न मिलेगा। कथन है-''गुस्ताखी सहन की नहीं है''। ('डिस ओबीडियन्स केनाट बि टालरेटड्'(Disobedience can not be Tolerated)

अंततोगत्वा स्थिर-प्रशान्त-होकर सोचिये-''आप कुएँ के मेंढक के बराबर 'कोर्सेस' आदि नाम चिल्लाते हुए, बारबार जन्म लेते-मरते, हमेशा के लिये नरकवासी बनना अथवा मास्टर जी के रूल्स-रेगुलेषन्स के अनुसार केवल ''मास्टर सि.वि.वि. नमस्कारम'' (इतना) कहकर प्रार्थना करके बढती(उन्नति)पाकर मास्टर जी की वांछित 'एटर्निटि' को अगले जन्म के बजाय, इसी जन्म में, इसी देह से पाकर सुख और संतोष से जिंदगी चलाना'-चाहते हैं।'' -आप ही खुद तय कर लीजिये।

इस किताब की सारी बातें मास्टर सि.वि.वि. जी के द्वारा लिखे साहित्य के सहारे पर लिखीं गयीं।

१८. ''सि.वि.वि.''-इन तीन वर्णों(हरूफों/अक्षरों)की महत्ता क्या है?

१. भरोसा और दृढ विश्वास एवं भक्ति से अपनी जिंदगी के साथ अपने परिवार की जिंदगी को इस योग के लिये, जो न्योछावर करता है, और करके मास्टर जी की आज्ञा के अनुसार चलता है, उसकी और उसके परिवार की रक्षा ''डैरेक्ट आरिजन लैन'' करता है:-(उपर्युक्त तीन वर्ण)

२. दस साल के अंदर साधक में 'आरा' बाँटने की ताकत आती है। उसके दिमाग में 'लैफ एक्टिविटी फ्लो' काम करती है। उस ताकत की बढती के साथ-साथ वह 'ट्रीटमेंट्स' देने केलिये उस शक्ति का उपयोग कर सकेगा।

३. मास्टर जी साधक से, जो काम करने कहें, 'जहाँ कहीं भी जाकर आदेश के अनुसार करूँगा'-दृढ निश्चय से ऐसा प्रमाण करना चाहिये। साथ ही प्रतिज्ञा लेनी है-अपनी सहूलियत; अधिकार(ओहदा)-मान-मर्यादा-नफा-नुक्सान की गिनती करूंगा।''

४. 'सि.वि.वि.' कह कर प्रार्थना करने से जितनी बढती डेढ साल में होती है, उस की निगरानी करनी चाहिये।

५. 'सि.वि.वि.' कह कर करनेवाली प्रार्थना अंधेरे कमरे मे ही करनी चाहिये। (हमारे)बदन में अत्यंत जोर का 'वर्किंग' होता है। कई प्रकार के झुकाव(पास्चर्स) आयेंगे-उन को परखना चाहिये।

६. पुराने ''मीडियमों'' में 'सैट' याने दिव्यदृष्टिवालों में से इस तरह

प्रार्थना करके बढती केलिये चुन लेना होगा।

तो, (किन्तु)इस प्रार्थना करनेवालों को एक प्रकार की तंद्रा(झूम), प्रार्थना के समय में या इस के बाद आयेगी, जो शरीर को काबू में न रख लेने के बराबर की होगी। हर ४५ दिनों में एक बार उनके 'ब्रीतिंग' में परिवर्तन होगा। इस की निगरानी आवश्यक है।

७. मोटे शरीरवाले इस के लिये नालायक है। अगर वे बढती पावें; तो 'ट्रीटमेंट्स्' देने की ताकत(उनको) दूँगा। वे 'ट्रीटमेंट्स्'(उस केलिये) सफल बनेंगे।

८. लेकिन सि.वि.वि. कहकर प्रार्थना करके बढती पाये मीडियम्स को चुन लेना, बडी मुश्किल की बात है। ऐसे व्यक्ति को चुन लेने के बाद, उनको मैं सूचनायें दूँगा।

११.१० ए.एम. एम.टि.ए. १५.११.१९११

## ११. सि.वि.वि.जी का साहित्य (अंग्रेजी में)

| | |
|---|---|
| १. मास्टर नोट्स भाग.१ | रू.२५.00 |
| २. मास्टर नोट्स भाग.२ | रू.२५.00 |
| ३. मास्टर नोट्स भाग.३ | रू.२५.00 |
| ४. मास्टर नोट्स भाग.४ | रू.१00.00 |

(बडे आमुख के साथ):-

| | |
|---|---|
| ५. 'प्लानटरि लीडिंग्' नोट्स | रू.२५.00 |
| ६. मास्टर जी की दैनिकी | रू.१५0.00 |
| ७. महात्मा 'लेटर्स' भाग:१ | रू.१00.00 |
| ८. महात्मा 'लेटर्स' भाग:२ | रू.१00.00 |
| ९. महात्मा 'लेटर्स' भाग:३ | रू.१५0.00 |

## आंध्र(तेलुगु)भाषा में श्री वेटूरि प्रभाकर शास्त्री जी की रचनायें

१. प्रज्ञा प्रभाकरमु रू.२०.००

२. प्रवचनालु रू.२०.००


## 'सी.सा.' की रचनायें

३. भृक्त रहित तारक राजयोगमु रू.५०.००
(प्रश्नलु-समाधानालु)

## २०. सर्वाधिकार सुरक्षित(कापि रैट्स)



## २१. और ज्यादा समाचार जानना चाहते हो तो-



ए.वि. श्रीनिवासाचार्युलु (सी.सा.)
मास्टर् सि.वि.वि. योग सेंटर्-ब्रांच
श्री प्रभाकर मित्र मंडलि
नें.१२. रामुलवारि उत्तर माड वीथी,
तिरुपति -५१७ ५०७. चित्तूरु जिले.
आंध्रप्रदेश्.(इंडिया)
दूर वाणी :✆:+91(0)877 222 8814.
वेब सैट : www.mastercvv.org.
इ-मेयिल: avsacharyulu@mastercvv.org.(or)
webmaster@mastercvv.org, (or)
avsacharyulu@rediffmai.com.

# गुरुदेव श्री वेटूरि प्रभाकर शास्त्री जी

श्री गुरुदेव वेटूरि प्रभाकर शास्त्री जी ने आंध्रप्रदेश के 'पेदकल्ले -पल्लि' में दि.०७.०२.१८८८ संवत्सर सर्वजिन्माघ बहुला एकादशी ज्येष्ठा- चतुर्थ चरण मध्याह्न लगभग १२ बजकर १० मिनिट पर जन्म लिया।

वे कई व्याधियों से पीडित हुए। उस समय के मदरास के सुप्रसिद्ध अंग्रेजी व आयुर्वेद चिकित्सकों से चिकित्सा ली। (स्वास्थ्य न मिला)

अंत मे उन्होंने यों निर्णय कर लिया:-

''पुनः घर लौटने से शवप्राय जीवन बिताना होगा। हाथ में जितने पैसे हैं, उनसे हरिद्वार केलिये टिकट खरीद लेना चाहिये।(सिर्फ टिकट के लिये काफी पैसे थे।) यात्रा में उपवास ही करूँगा। बिना माँगे किसी से जो कुछ भी मिल जाय, खा लेना। महाप्रस्थान करके 'गंगा माई' की पावन गोद में समा जाऊँगा।''

तब एक दिन हमारे गुरुदेव(श्री अब्बूरि जगन्नथ राव जी के बहनोई) पोतराजु नरसिंहं पंतुलु जी ने(मीडियम नं.१२३, भृ.र.ता.राजयोगं में प्रवेश ता.३०.१.१९१४) एकाएक मुझ से मिलकर मेरी अस्वस्थता की हालत जानकर तुरंत श्री मास्टर जी के नाम एक पत्र लिखकर दे दिया। उस पत्र के साथ उसी दिन शाम को ही 'कुंभकोणम' के लिये यात्रा की। रेल में मैं यों सोचने लगा।-

''मुझे लग रहा है कि मैं हरिद्वार के बजाय 'आरोग्य द्वार' पर पहूँच रहा हूँ।'' कुंभकोणम में श्री सि.वि.वि. जी के यहाँ पहुँचा। ता.२२.६.१९१६ प्रातःकाल श्री सि.वि.वि. जी के दर्शन हुए।

श्री शाश्त्री जी, मास्टर जी का वर्णन यों करते हैं-

''न मोटे न पतले, न नाटे न लंबे, सुनहली अरुणोदय शोभा से प्रकाशमान श्रीमान जी के दर्शन होते ही मेरा शरीर रोमांचित हो उठा। दोनों हाथ जोडकर प्रणाम कर के पत्र समर्पण कर दिया। उन्होंने उसे पढकर दरहास पूर्वक आदेश दिया-

''स्नानादि से निवृत्त होकर थोडी देर के लिये आराम कर लो''

मास्टर जी से मेरी परिस्थिति के बारे में विनयपूर्वक सुनाने पर वे बोले- ''अब तुम्हारे स्वास्थ्य का भार मैं ने, अपने कंधों पर रख लिया। डरो मत। सब लोगों के बराबर नित्य का भोजन कर सकते हो, जिससे तुम्हें कोई हानि न होगी।''

उस दिन सायं छः बजे मुझे श्री मास्टर जी ने अपने शिष्य के रूप में अनुग्रह प्रदान किया।(योग साधना में प्रविष्ट होने की तिथी. २२.६. १९१६, मीडियं संख्या.३३०)

श्री मास्टर जी को दंडवत-प्रणाम करके अपनी अभ्यर्थना सुनायी। उन्होंने उपदेश देकर 'तुम झट 'हाल' के भीतर जाकर शवासन में लेटकर उपदिष्ट को केवल एक बार ही उच्चारण-स्मरण-करके आँखें बंदकर अपनी अंतर में चल रही प्रक्रिया पर ध्यान लगा लो; यदि तुम्हारा मन बहिर्मुख होकर भटकता हो, तो उसे जाने दो, मत रोको। बस इतना ही तुम्हें करना चाहिये, कुछ 'मिनिटों' तक आँखें खोलने का प्रयत्न मत करो। तुम यदि प्रयत्न भी कर लोगे, तो भी साध्य न होगा। खुलने पर भी पुनः आँखें बंद ही हो जाती हैं। देह के भीतर जो कुछ प्रक्रिया होनी है, उसके पूर्ण होने पर ही आँखें अपने आप खुल जाती हैं। उस के बाद आँख बंदकर सोना चाहो, तो तकलीफ होगी।''

मैं उसी प्रकार उपदिष्ट(उपदेशित मंत्र) को एक ही बार सार्थक रूप में स्मरण करके, बोलकर आँखे बंद करके लेट गया।

ऐसा दृश्यमान हो पाया था:- "साथ ही मेरे अंदर कोई महान प्रज्ञा प्रवेश करके झकझोर रही हो। उत्साह तथा मनोरंजन के साथ उसी का परिशीलन करने में लग गया था। प्रज्ञा है या और निर्देशित क्या चीज है, पता नहीं एक अपूर्व अनुभूति मेरे भीतर जोर पकडे लपट लगा गयी थी। मैं यह खोजने लगा था कि अंदर क्या हो रहा है? वह देह के चमडे के भीतर व्याप्त होता-सा लगता था, पर उसका प्रारंभ कहाँ से होने लगा-यह पहचाना असंभव लगता था। देह के भीतर कोई अद्भुत 'इंजन' के चलने की प्रक्रिया-सी लग रही थी। मेरा मन आनंद और उल्लास से हिलोरें मार रहा था।" श्री मास्टर जी के समक्ष होकर मैं ने उपर्युक्त सारा अनुभव कह सुना दिया। मास्टर जी ने मुस्कुराते हुए कहा 'संतुष्ट रहो'।

दूसरे दिन मैं ने प्रातः उठकर हाथ, मुँह धोकर योगानुभूति के लिये अपने को तैयार कर लिया। पूर्व दिन शाम को उस गाँव के कई साधक आये हुए थे। वे सब सबेरे भी आये।

'राधाकृष्ण पिल्लै', और 'महदेवय्यर', मास्टर जी के दो प्रधान शिष्य थे। उन्होंने मेरे बारे में श्री मास्टर जी से विनती की थी। उस समय मास्टर जी ने उनको आज्ञा दी-'मेरा 'टेस्ट' लिया जाय।'

प्रातःकाल ठीक नौ बजे सत्रह मिनिट पर वे अपना रिपोर्ट लिखने जुटे गये। तब पिल्लै जी ने आँखें बंदकर अपनी अंतरदृष्टि को जो दिखाई दिया और अंतर कर्णेंद्रिय को जो सुनाई पडा, उसे बताते जा रहे थे। उस में मेरे शरीरांतर्गत स्वास्थ्यास्वास्थ्य, मनोभावनायें, अनारोग्य के कारण, और उसके दूर करने के उपाय; अब तक मेरे

जन्मजन्मांतर विषय वगैरह थे। वह सब-कुछ समाप्त होने पर उन्होंने श्री मास्टर जी को सभी विषय सुना दिये। उनकी ही सम्मति पर उसे 'रिकार्ड' किया। उस समय योगाभ्यास हेतु आकर शिष्य बनानेवाले सभी लोगों को उस प्रकार का 'टेस्ट' लिया जाता था। मेरे बारे में तैयार किये गये 'रिपोर्ट' की प्रति-लिपि मैं ने पूछ ली । उन्हों ने मास्टर जी की सम्मति पाकर मुझे उसे दे दी। वह अब भी मेरे पास है।

भोजन के बाद मैं ने मास्टर जी के पास पहुँचकर विनती कर ली। ''तीन वर्ष से मैं घोर यातना का अनुभव कर रहा हूँ। मुझे न नींद, न भूख, न प्यास, न पाचन होता, न चित्त की शांति। यहाँ आने की इच्छा होते ही अनजान में ही स्वस्थ की तरह भोजन कर लिया था। आप की योग-साधाना की महिमा 'श्री नरसिंहं' जी के द्वारा मालूम होते ही, मुझे न जाने किसी प्रकार का दिव्य सौख्यसौध का पथ दृश्यमान हो गया था। स्वस्थ मन से मैं आ सका।

पहले तेज दवाएँ ले लीं। तब से ऐसा लगता था- मानों पेट ही उबला-जला- हो। आज वैसा नहीं।

मैं तो चाहता हूँ कि संप्रति, आप का सेवक बनकर यहीं रहूँ।

उन्होंने पूछा कि 'अब तुम्हारा वेतन कितना है?' मैं ने कहा '५० रूपये'। तब मास्टर जी बोले-'उस से तुम अपने परिवार का भरण- पोषण कर सकते हो। अपनी रोजी-जीविका- छोडकर यहाँ रहने की जरूरत क्या है?

चलती का नाम गाडी है। उसी अवस्था में उस की मरम्मत होनी चाहिये। गाडी के हिस्सों को अलग करोगे, तो गाडीवाले का जीवन दूभर हो जाता है। मेरी योग-साधना का लक्ष्य यह है- ''लागू

काम को रोके बिना, तृटि को सुधारना चाहिये, मेरा योग-मार्ग वैसा है। यह निवृत्ति का पथ नहीं है। राजयोग का पथ है। गृहस्थ जीवन अवश्य चाहिये। किसी भी व्यक्ति को सन्यासी न होना चाहिये। सुखमय जीवन व्यतीत करते, खान-पान सही और ठीक तौर से लेते रहे।

ऐसी परिस्थिति में तुम्हें अपनी रोजगारी से संबंध बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। तुम्हारे रोजगार से केवल तुम्हारे जीवन-यापन ही नहीं; बल्कि संसार की भी भलाई होती है। प्रत्येक आदमी स्वार्थ-वश कार्य संभालता है। वह संसार का भी मददगार होता है।

तुम्हारे यहाँ पर रहने की इच्छा, केवल मेरे सन्निधि-लाभ-प्राप्त करने के लिये ही है न? मैं तो सदा तुम्हारी ही अंतरात्मा में निवास कर लेता हूँ। तुम्हें जो सहायता चाहिये, वह तो तुम्हारे भीतर से अनायास प्राप्त होता ही रहता है। जिस प्रकार शारीरक संस्कार का बोध तुम्हें हो पाता है, उसी प्रकार तुम जहाँ भी क्यों न रहे हो, साधना की अनुभूति स्मरण हो पाती है। प्रातःकाल की योगसाधना का प्रभाव शरीर पर पडकर संध या तक क्रियाशील रहता है। जब-जब कितनी साधना होनी चाहिये, उतनी सदा होती ही रहती है। जब-जब जितना तुम्हारे लिये आवश्यक होता है, उतना मिलता है।

तुम्हारे भीतर संस्कार पथ पर चलानेवाली शक्ति प्रज्ञाकलित चेतना ही है, जडता नहीं है। वह बिजली की भाँती काम नहीं करती है। क्यों कि विद्युत् तो बेहद, बेजरूर उपयोग में लाने से हानि ही संभव होती है। यदि तुम अपने भीतर इस नयी प्रज्ञा-शक्ति को जरूरत से ज्यादा(अत्यधिक) उपयोग में लाना चाहो, तो वह असंभव बात होती है। जितना प्रभाव चाहिये, उतना ही प्रदर्शित होता है। जान-

बूझ कर या तुम अवश्यकता से अधिक समय तक आँख बंद करना चाहते तो भी न रह पाते। भीतर आवश्यक प्रक्रिया जब तक चलती रहती है, तब तक तुम अपनी आँखें न खोल सकते।

यात्रा में, रेल या बस में, पैदल चलते, और भी अन्य कामों में रहने पर भी ठीक समय पर एक क्षण के लिये ही क्यों न हो, मन में स्मरण करना काफी है, कार्यप्रणाली के समाप्त होने पर आराम करते समय जो कुछ होना है, होता ही रहेगा।

विवेक, सत्य, तथा धर्म के प्रति ध्यान लगाते हुए अंतरात्मा की आराधना करते हुए भीतर ही भीतर घुस जाने पर तुम्हारे लिये आवश्यक उद्बोधन मिल ही जाते हैं। उसी प्रकार के उद्बोधनों का स्रोत भी धीरे-धीरे तुम पहचान सकोगे।

पहले पहल तो तुम्हारी दृष्टि स्वास्थ्य-लाभ के प्रति प्रसरित हो रही हैं। बस, तुम्हें परमार्थ के प्रति उत्सुक होना काफी है। योग साधना तो खाली पेट नहीं करनी चाहिये। कुछ न कुछ नास्ता करके ही प्रार्थना करनी है।' इस प्रकार मास्टर जी ने समझाया।

कुछ समय पश्चात् जब मै कुंभकोणम फिर गया हुआ था, तब श्री मास्टर जी ने मेरे पूछे बिना यों कहा-'मेरे शिष्यों में कोई भी दुनिया-आम लोगों- से भिन्न निराला-सा दीखनेवाली वेष-भूषा-पहनाव-, आचरण रखना न करें। वह साधारण जनता को अच्छा न लगेगा, अतः वे(साधक) मामूली ही रहें। अतः इस योग में अकेले तो कोई सफल न होगा। मानव अपने प्यार पहले अपने से लेकर, पुनः अपने आसपासवालों को उसके बाद दोस्तों में बांटता या व्याप्त करता है, तथा भलायी-कल्याण चाहता है, वैसे ही इस योग के द्वारा भी सभी पर प्यार दिखाकर सभी के उद्धार की इच्छा रखनी चाहिये।

अपने प्यार को सर्वव्यापी बनाये बिना कोई उन्नति-उद्धार-न पायेगा। अखंड व सर्वव्यापक उस तत्व को पाने के लिये(साधक को भी) स्वयं अखंड एवं सर्वव्यापी बनना है। देश, जाति, पांति के भेदों में पडा व्यक्ति जनता से अपनापन न जुडा सकनेवाला है। प्रापंचिक बंधनों से जन्म भर छुटकारा पा न सकेगा। हमें बाहरी विभिन्नता को चालू रखते हुए ही, आंतरिक क्षेत्र में प्राप्त होनेवाली एकता को पहचान कर आचरण में रखना ही प्रस्तुत योग-साधना का एक नतीजा है। हमारी परिपूर्णता भविष्य में ही है, न कि वह भूत बना। इसलिये भूत की नींव(आसन पर बैठ) पर भविष्य के परमार्थ (का फल) भोगना है।

उन्होंने और एक समय यों कहा-"यदि आप लोगों को कोई शंका होती है, तो स्वयं ही निवृत्त कर लेने के बदले, उनके बारे में मुझे पत्र द्वारा लिखने या पूछने का प्रयत्न न करें। यथाशक्ति उनका समाधान अपने आप ही खोज लीजिये। जब कोई समाधान न सूझ पडता हो, तभी मेरी सलाह पूछें। अधिकतर कठिन समस्या के होने पर ही मुझ से पूछिये। न्याय व संगत प्रश्न के उठने पर, उस प्रश्न के स्तर के अनुसार ही प्रयत्न कर लेते, तो समाधान अवश्य प्राप्त हो जाता है। उस प्रश्न के उत्तर प्राप्त करने का प्रयत्न बहिर्मुख रूप में हो तो, पुराने ग्रंथों द्वारा या आप को अभिज्ञ मालूम होनेवाले आप्तों के द्वारा मालूम कर सकते हैं। अगर अंतर्मुखी हो, तो आत्मबोधक रूप हो पाता है। अतः यह नया योग वैसे आत्मोद्बोधन के लिये ही है।

प्रश्न का समाधान बाहरी ग्रंथों वगैरह से पाना चाहते, तो 'अनंत शास्त्रं बहुवेदितव्यं' की सूक्ति के अनुसार वे शास्त्र और उनके प्रणेता कई भेद के हैं। ऐसी हालत में किसे लेना? तब इस के लिये फिर

आत्मोब्दोध का ही सहारा लेना पडेगा। 'घट्टकुटी प्रभात न्याय' के अनुसार सभी को आत्मोद्बोध के अनुयायी बनना पडेगा और बनेंगे भी। अतः बाहरी विज्ञान का सहारा लेकर अंतरात्मा के उद्बोधन को पा सके, तो परमार्थ की प्राप्ति सुगमता से होगी।

मैं योग साधना के बाद राम जाप की भाँते कुछ समय तक ध्यानमझ हो गया था। तब मुझे अनुभव हो पाया कि सारी देह में आग की लपटें निकल रही हों। उसी को मैं ने मास्टर जी को कह सुनाया।

उन्होंने सलाह दी कि- "नियमित समय में ही मेरे अनुष्टान करना चाहिये। जाप कभी नहीं करना। यदि कोई आवश्यकता हो, तो तब क्षण मात्र के लिये स्मरण करने से आवश्यक सुविधा हो पाती है। परतत्व बहरा नहीं है। अतः मत रटो। मुँह से निकली बात कान के सुनते के समान, आप की अभ्यर्थना परतत्व सुन सकता है। जब एक दफे की प्रार्थना से अनुग्रह देने वह तैयार है; तब बार-बार माँगना क्यों?

टेलिफोन में एक बार बुलाने पर, दूसरी ओर से तक्षण समाधान प्राप्त हो जाता है, तो उसे अनसुनी करके बार-बार पुकारने के बराबर का है-नाम का रटना।" ई.१९२५ के आसपास एक मित्र निरंतर श्री मास्टर जी का नाम स्मरण राम-जाप की भांती करता रहा। कुछ दिनों के बाद सारे शरीर में आग ज्वाला- सी धधक उठी थी।

उस से जो कुछ भूल हुई थी-उसका पश्चात्ताप करके; उसकेलिए क्षमा प्रार्थना पूर्वक सक्रम विधि के अनुसार चलने का नियम बना लिया, तो उसका स्वास्थ्य सुधर गया था।

घर आने के बाद एक सप्ताह में ही मेरे नाम दफतर से तार आया- 'तक्षण तुम्हें तंजावूर ग्रंथालय के परिशील कार्य में जाना और वहाँ पर पहुँच कर काम करना होगा'।

तब मदरास आकर दफतर गया। फिर तो मदरास में न रुक कर कुंभकोणं चल पडा।

श्री मास्टर जी ने कहा-''हर सप्ताह छुट्टी में तंजावूर से कुंभकोणम आया करो।''

उस समय रेल का टिकट आठ आने से भी कम था। वैसे ही मैं आता-जाता रहा।

१९१६ की क्रिसमस की छुट्टियाँ आईं थीं। उस समय, मैं श्री मास्टर जी की सन्निधि में था। ३१.१२.१९१६ के दिन जुलाबों से (दस्त) से पीडित होने पर कमजोर हो गया।

मास्टर जी को मेरी हालत मालूम हो गयी, तो 'रामचंद्रय्यर' नामक मुख्य शिष्य को बुलाकर कहा-''प्रभाकर को 'विगर सप्लै' का 'ट्रीट्मेंट' करो'' तब उन्होंने, लेटे हुए मेरे पास आकर, उस आदेश के अनुसार 'ट्रीट' किया। पाँच ही 'मिनिटों' में मैं उठकर सीधे खडे होकर इधर-उधर घूमने के बाद दौडने लायक उत्साह तथा शक्ति-संपन्न हो गया।

मै ने श्री मास्टर जी के चरणों में दडवत् प्रणाम किया।

''रेल का समय हो रहा है। फौरन तुम्हें ष्टेषन जाना होगा-'' वे बोले ''आज से अस्वस्थता न रहेगी। हर सप्ताह मेरे यहाँ आने की आवश्यकता भी नहीं है। दो दिन की छुट्टी होने पर आ जाओ। प्रातःकाल तथा मध्याह्न में लघु आहार ही ले लो। हाजम ठीक रहेगा। लिवर

ठीक हो गया है। रात्रि के समय छांछ के बजाय दूध का भोजन कर लो।'' मैं तंजावूर आ गया।

और एक दफा मास्टर जी ने मुझे बुलाकर यों कहा- ''मेरी योग साधना के कमरे में, मेरी बेंच पर, आज रात तुम, अपनी पत्नी के साथ लेट जाओ। इन दिनों मैं यहीं पर लेट रहा हूँ।'' मैं ने तो लज्जा से थरथराते अंगीकार सूचना में सिर नवाया। किन्तु मुझे उस के बाद अत्यंत भय होने लगा- ''वह तो कि श्री मास्टर जी का शयन- कक्ष था। और भी तो वह बेंच उनके आरामकर लेने का साधन था। उस पर मेरा लेटना क्या? और भी अपनी पत्नी के साथ..!'' यों सोचकर मैं काँप उठा था।

मास्टर जी घर के अंदर के बडे चौक में मच्छरदानी से घिरे रैवंची खाट पर, पतले बिस्तर पर लेटे हुए थे। वहाँ नील असमान में चाँद-तारे दिखाई दे रहे थे। खाट के उपर और नीचे चमेली-फूल छितराये हुए थे। तकिया रेशम का था। वे रेशमी महीन चादर ओढे हुए थे। वे उठनेवाले ही थे कि, मैं ने उनके चरण छूकर प्रणाम किया। तब मास्टर जी ने पूछा- ''कहाँ सोए?''

मैं बोला- ''मेरी पत्नी अन्य महिलाओं के साथ घर में सोयी, मैं तो दहलीज के पासवाले चबूतरे पर।'' तब मास्टर जी ओंठ बिचवाकर यों बोले- ''तुम ने मेरे आदेश का पालन न किया।'' मैं ने शरम से सिर झुका दिया। तब वे फिर बोले- ''हाँ, जाने दो, और क्या बात है?

तब मैं ने कहा- ''मेरे माता, पिता बडी उम्रवाले हैं। न जाने कब क्या होगा? उन्हें आप का शिष्यत्व प्रदान कीजियेगा। वे तो यहाँ पर भी न आ सकते हैं। 'उन की क्या उम्र है?'

'हमारे पिताजी की उम्र ७७ हो गयी है। ''उतनी बडी उम्रवालों के बारे में इतनी तत्परता का प्रदर्शन कर रहे हो। तुम्हारे साथ जीवन पर्यंत सफर करनेवाली पत्नी के बारे में पूछते क्यों नहीं? अच्छी बात है। किंतु आज ८ बजे तुम्हारी पत्नी को 'इन्सियेषन' संपन्न होनेवाला है। उस की तैयारी कर लो। 'फारम' आदि को भर लो।'' यों कहकर मास्टर जी उठकर भीतर चले गये थे।

८ बजे 'इन्सियेषन' का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

पुनः गुरूजी से भेंट करके अपनी इच्छा- माता-पिता के बारे में, मैं ने जाहिर की।

''अब तो उनके शरीर चिरकाल तक सुरक्षित नहीं किये जा सकते हैं। फिर भी तुम पीछे लग गये हो, सो बतला रहा हूँ। यदि तुम योग सिद्धवाले पुरुष बनोगे, तो 'दश पूर्वेषां दशा परेषां' के अनुसार तुम्हारे वंशज तुम्हारे योग-प्रभाव से उबार कर देह-परित्याग कर लेंगे। १० वर्ष तक मेरे आदेश के अनुसार तुम्हें योग-साधना निभा लेनी होगी। अपनी सभी इच्छाओं की पूर्ति तुम्हीं अपने आप कर सकते हो। संप्रति तुम्हारे माता-पिता को वहीं रहने दो। मेरे उपदेश काम में लाओ।'' यों कहकर कर्तव्य-बोध करा दिया था। मैं तो हर्ष से फूला न समाया था।

मैं दस साल बाद ही पहुँचे हुए-माने-साधक हो सका। तेरह वर्ष के बाद ही अनुभूति पूर्वक योग के सारे रहस्य मुझे मालूम हुए।

श्री मास्टर जी देह-त्यागनेवाले थे कि एक 'नाडी शास्त्र पढनेवाले' से मास्टर जी ने यों पूछा-''नाडी ग्रंथ पढते समय तुम यथार्थ विषय को ही लिखना तथा पढना जारी करते हो न? या

अपनी कल्पनायें जुडाते हो, क्या?''

कहा गया है कि उसने अपनी तरफ से एक कल्पना की थी। श्री मास्टर जी ने यह चेतावनी दे दी कि कभी भी इस प्रकार का काम मत किया करो। उन(नाडी) किताबों को लेकर बांधकर टांड-मचान-पर छिपा दिया। आदेश दिया कि ''आगे 'नाडी' मत पढें।''

''नाडी को परम प्रमाण मान कर तुम्हें न पढना, न सुनाना चाहिये। तुम नाडी के कारण मेरे शिष्य बने नहीं। मेरे शिष्य होने के बाद ही तुम लोगों ने नाडी देखने का अभ्यास कर लिया है। जिस कारण से तुम मेरे शिष्य बने थे, उसी कारण से मेरे अनुयायी बनना चाहिये। मेरे उपदेश 'स्वतःप्रमाण' है। न कि 'परतः प्रमाण-(याने, दूसरे शास्त्र या व्यक्तियों की बातें को लेकर सिद्ध करना।) मुझे और मेरे आदेशों को, नाडी ग्रंथों को लेकर यकीन-सिद्ध-करने का प्रयत्न मत करें।

मेरे योग पथ के परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त करना किसी को भी संभव न होगा। क्यों कि वह तो, ऐसी साधना है कि वह मुझे भी एक साथ-एक बार ही नहीं; समय-समय पर; ज्ञात होती रहती है। वह साधना ऐसी है कि जैसे बरगद के पेड की शाखाएँ और डालियाँ चारों तरफ बढती हैं, ऐसी हालत में कौन कह सकेगा कि वह पेड किस शाखा को किधर, कब बढायेगा? उसी प्रकार लोकतंत्र एवं विशेषतः इस योगतंत्र का विकास होगा। जैसे-जैसे मानव की पहुँच ईश्वरत्व के समीप-समीप की होती, वैसे-वैसे उसे समझ पायेगा।

वृक्ष शास्त्र-विज्ञान से(आज-कल) कुछ वृक्षों के बारे में बताया जा रहा है कि वे कितने दिनों में कितने पत्ते, कितनी डालियाँ, कितने फल-फूल लगायेंगे? मानव-प्रज्ञा की बढती के साथ-साथ परतत्व

के निकट होते-होते सर्व प्राणि(कोटि) का, सृष्टि-रहस्य का ज्ञान मानव को प्राप्त करने की संभावना है।

जब तक मानव हृदय निर्दुष्ट-बिना बुरे का न हो, जब तक मानव की वाणी सुपवित्र न होगी, जब तक मानव के काम-काज विनिर्मल न हो, तब तक सृष्टिरहस्य मानव की समझ में न आयेगा। प्रयत्न हो रहे है।

यदि आप लोग इन नाडी ग्रंथों के पीछे पडेंगे, तो आप के भीतर वाली प्रज्ञोद्बोध शक्तियाँ कुंठित हो जायेंगी। प्रज्ञोद्बोध का अनुसारण करते हुए बाह्य शास्त्रादि साधन-संपत्ति को तजना चाहिये। अंत में आत्मानुभूति से विलसित होना संभव हो पायेगा। आप को तो देखना इस ताडपत्रवाले 'नाडी' शास्त्र नहीं; देखना है- 'आप के अंदर में विलसित चैतन्य प्रेरित चलती नाडी को', अतः ताडपत्रों की नाडी-पुस्तकों को जल्दी बंदकर योग-साधना की ओर तात्परता से जुट जाओ।

## श्री शास्त्री जी का महत्व क्या है?

१. मास्टर सि.वि.वि. जी से परिचय प्राप्त कर लेना- डैरेक्ट मीडियम होना
२. श्री मास्टर जी से सीधे ही वार्तालाप प्राप्त कर लेना-
३. सोसइटी के 'सूपरिंटेंडेंट' श्री 'एस. सुंदरं जी' की अनुमति के बिना ही सि.वि.वि. जी के दर्शन प्राप्त कर लेना-
४. हर रविवार को तंजावूर से अपने यहाँ आने केलिए सि.वि.वि. जी के द्वारा आदेश पाना-
५. श्री सि.वि.वि. जी का अपने उपयोग की बेंच पर ही, पत्नी समेत शयन करने के लिये आदेश पाना-

६. मास्टर सि.वि.वि. जी से प्रभावित अमृततुल्य वाक्यों को हमें सौंपना-

उपर्युक्त योग्यता-प्राप्त भाग्यवान हैं- 'गुरुदेव श्री वेटूरि प्रभाकर शस्त्री जी।'

कुंभकोणम पहुँचने का मार्ग:-

मदरास से कुंभकोणम के लिये बस सेवा उपलब्ध है। कुंभकोणम शहर में प्रविष्ट होते ही 'मलयपाल्यं' बताने पर, वहाँ उतरकर जा सकते। वहाँ से १०० गज की दूरी पर 'कील डबीर तेरु(ईष्ट डबीर स्ट्रीट)' नामक मार्ग में हमारा प्रार्थना-गृह; मुहाने पर ही है।

''मास्टर सि.वि.वि. योग स्कूल-कालिज-यूनिवर्सिटि'' नामक बोर्ड अंग्रेजी-तेलुगु-तमिल भाषाओं में लिखा मिलता है

उस घर की अपनी कक्षा में ही, मास्टर जी ने २२ वर्ष पर्यंत प्रार्थना कर ली थी।

रेल मद्रास-एग्मूर से निकलाती है।

'मोटर कार' पर आनेवालों को मदरास-चंगलपट्टु-दिंडिवनम-विल्लिप्पुरम- के प्रारंभ के पूर्व ही एक पुल आता है। उसे पाकर लेने पर 'तंजावूर' नामक 'बोर्ड' दिखाई देता है। वहाँ पर-बाये हाथ की ओर मुडकर नैवेलि-वडलूर-शेतियातोपु मार्ग से आना होगा।


मुक्य सूचना:-
यह पुस्तक अंग्रेजी-तेलुगु-तमिल-कन्नड भाषाओं में भी मिलती है।

**44**


# Publications

## Books


English




## Master’s Diary





**Mahatma's Letters** (Vol.I ,Vol.II and Vol.III)




Master C V V Notes Volume (s) - I & II


## Master Notes (Vol. I and Vol.II)
(including Planetary Leading Notes)

# Telugu





Pragna Prabhakaramu
Sri Veturi Prabhakara Sastry

## Pragna Prabhakaramu
by Sri Veturi Prabhakara Sastry garu




Sri Prabhakara Pravachanaalu

## Sri Prabhakara Pravachanaalu
by Sri Veturi Prabhakara Sastry garu





Bhruktha Rahitha Tharaka Rajayogamu
(Sadakas Questions & Answers)

## Bhrukta Rahita Taraka Rajayogamu

(Sadakas Questions & Answers)

by Sri A.V.Srinivasacharyulu garu (See Saw)




Bhruktha Rahitha Tharaka Rajayogam

# Bhrukta Rahita Taraka Rajayogamu

(Broacher – Telugu, Tamil, Kanada, Hindi, English)

by Sri A.V.Srinivasacharyulu garu (See Saw)

*For Copies :*

**M. Lakshmana Murthy** (Trustee)
Mobile No. : +91 9440046226; +91 9492695350

**Sri Prabhakara Mitra Mandali**
Master C.V.V. Yoga Centre Branch
No. 7-21-S7-315, Konka Street
Near Ramulavari East Mada Street
Tirupati - 517507, Chittoor District, A.P. India

Pragnaprabhakaram Telugu 1976 Edition : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

Pragna Prabhakaram In Modern Telugu : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

YOGA DARSANAM Pragna Prabhakaram Padyalu By Gurudev Sri Veturi Prabhakara Sastri : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

Mani Manjari 1986 08 01 Volume No 12 Issue No Xx 188 P Andhra Bharati : Appa Rao Vissa (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

eBooks of Gurudev Sri Veturi Prabhakara Sastri archive.pdf
https://archive.org/details/frontpages_201906 [Files in XPS Format] of Hindi Edition of Pragna Prabhakaram. Parts 1 to 5. 3. https://ia801601.us.archive.org/17/items/in.ernet.dli.2015.328927/2015.328927.PragnyaPrabhakaramu.pdf [Original Telugu Edition Dte.1951August] F. You Tube Videos 1. Veturi Prabhakara Sastry

PRAGNA PRABHAKARAM VOLUME 2 : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

New Yoga Bhruk Rahita Taraka Raja Yoga ( English) : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

Nootana Yogamu ( New Yoga) Bhruktha Rahita Taraka Raja Yogamu : Vissa Appa Rao (Junior) : Free Download, Borrow, and Streaming : Internet Archive

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=10213415939646462&id=1038887427

Appa Rao Vissa - Sharing with Ravi Muthuprabhakar: Re-Renovated... | Facebook

Special on SVBC TTD Official Channel. https://youtu.be/vvHpjnOaDDY SVBC TTD Gurudev VPS with Master CVV.mp4 14th January 2013 https://youtu.be/TkJOuYsKWz0 Comment: Anandamurthy Veturi 6 years ago “I like watching this video documentary as many times as possible... Particularly during this (2/12 to 2/13) 125th Birth Anniversary Year Celebrations (1888 - 1950) of Gurudev VPS. Thanks to the TTD & SVBC”. 3. MASTER CVV HOUSE @ YOGA SCHOOL AT KUMBAKONAM https://youtu.be/HLLKWS1bzmQ 4. Veturi Prabhakara Sastri garu - YouTube https://www.youtube.com/watch?v=v6E8SgDPemY Feb 06, 2017 · Talk by Dr. Veturi Sankara Sastri, Youngest Brother of Veturi Prabhakara Sastri.

